हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 25 जून, 2025

तापमान
अधिकतम 38 .6 डिग्री
न्यूनतम 23 .2 डिग्री

12 आईटीआई में नई कौशल प्रयोगशाला स्थापित



12 मिड डे मील वर्कर्स को नहीं मिला दो महीने से वेतन



खबर संक्षेप

## राज्य मंत्री एसपी सिंह बाघेल आज कुरुक्षेत्र में

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी ने कहा कि केन्द्रीय मत्स्य पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बाघेल 25 जून को कुरुक्षेत्र में पहुंचेंगे। आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर कुरुक्षेत्र पंचायत भवन के सभागार में सुबह 11 बजे आपातकाल लगाये जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय संविधान हत्या दिवस 25 जून 2025 को मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बाघेल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत करीब 1 बजकर 20 मिनट पर पाल गडरिया समाज धर्मशाला में पौधा रोपण कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

## कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** गांव दौलतपुर निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उनके गांव का ही पिरथी सिंह किसी काम से गांव रेतगढ़ आया था। जब वह देर शाम घर लौट रहा था तो रेतगढ़ के पास तेज गति से कार लेकर आ रहे अक्षय ने पिरथी सिंह को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने घायल पिरथी सिंह को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## डंपर की टक्कर लगने से एक की मौत

**यमुनानगर।** गांव सिंघपुरा निवासी सुरजभान ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका पिता इंद्र शेरपुर मोड के पास चाय की दुकान करता था। शाम को वह दुकानदारों को चाय देने के लिए गया था। जब वह चाय देकर वापस दुकान पर आ रहा था तो प्रतापनगर की तरफ से आ रहे डंपर चालक ने लापरवाही से चलाते हुए सीधी टक्कर ट्रैक्टर-ट्राली को मारी। इसके बाद डंपर अनियंत्रित होता हुआ उसके पिता इंद्र को कुचलता हुआ निकल गया। जिससे उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी।

## चचेरी बहन से किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

**कैथल।** जिले के एक गांव में एक युवक पर उसकी 19 वर्षीय चचेरी बहन से ही दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। युवती ने बताया कि वह 11 जून को घर पर ऊपर के कमरे में अकेली थी। इस दौरान परिवार के अन्य सदस्य नीचे के कमरों में थे। उसके ताऊ का बेटा विवेक उसके कमरे में आ गया। आरोपी ने उसे दिलासा दिलाने के बहाने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे धमकी दी कि इस बारे में किसी को बताया तो वह उसे जान से मार देगा।

शराब कारोबारी शांतनु की हत्या का मामला

# वांटेड पांच आरोपी गिरफ्तार मुख्य आरोपी का एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

शराब कारोबारी शांतनु की हत्या के मामले में एसटीएफ ने पांच नए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक किशोर भी शामिल है।

मामले में पूछताछ के लिए अब जांच टीम आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। उधर एसटीएफ ने इस मामले में वांटेड मुख्य आरोपी रोमिल वोहरा को हरियाणा- दिल्ली सीमा पर मुठभेड़ में ढेर कर दिया। रोमिल का जांच टीम लगातार पीछा कर रही थी।

- एसटीएफ ने अब तक दस आरोपियों को किया काबू

इस मुठभेड़ में जांच टीम के दो जवान भी जख्मी हुए हैं। रोमिल पर शांतनु समेत हत्या के चार केस दर्ज हैं। इसके अलावा भी फायरिंग करने के दो मामलों में पुलिस ने आरोपी को नामजद किया था। रोमिल पर पुलिस ने दो लाख रुपये का ईनाम रखा हुआ था। बाकायदा उसके अंबाला, यमुनानगर व कुरुक्षेत्र समेत कई जिलों में पोस्टर भी चस्पाए गए थे।



**अंबाला।** पकड़े गए आरोपियों को साथ ले जाती जांच टीम।

### इन्हें किया गया काबू

एसटीएम ने अब शांतनु की हत्या में शामिल शाहबाद के अभिषेक ठुकराल उर्फ अब्बू, यमुनानगर के लंढोरा गांव के प्रभजोत सिंह उर्फ जोत, मुलाना के पोंटी गांव के इकशान सिंह, बराड़ा के अधोया गांव के मोहित कुमार और मुलाना के खान अहमदपुर के दीपेंद्र को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक किशोर भी पकड़ा गया है। जांच में पता चला कि कुछ आरोपियों ने हत्याकांड के लिए बाइक और हथियार उपलब्ध कराए थे।अभिषेक ठुकराल उर्फ अब्बू को तीन दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। उससे पूछताछ में अन्य पांच आरोपियों के नाम सामने आए थे। इस मामले में अब कुल 10 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इससे पहले एसटीएफ ने मुख्य शूटर करनाल के इंद्री क्षेत्र के खानपुर गांव केसुजल, बराड़ा के अकालगढ़ के बलजिंद्र सिंह उर्फ मंगू और शाहबाद के मोहल्ला खत्रवाडा के शुभम खुराना को गिरफ्तार किया था। एसटीएफ के डीएसपी अमन कुमार ने बताया कि जांच में यमुनानगर जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर जंधेडी के राजन की संलिप्तता भी सामने आई है।

### कुख्यात रोमिल का घर होगा ध्वस्त

**यमुनानगर।** गुरुग्राम में एनकाउंटर में मारे गए खेड़ी लक्खा सिंह में हुए तिहरे हत्याकांड, शाहबाद में कारोबारी की हत्या समेत विभिन्न मामलों में वांछित कुख्यात रोमिल वोहरा के घर को नगर निगम द्वारा ध्वस्त किया जाएगा। नगर निगम द्वारा मंगलवार को कुख्यात रोमिल वोहरा के अशोक विहार कॉलोनी में बनाए गए घर पर नोटिस चस्पा दिया गया। नगर निगम के डीटीपी मनोज कुमार का कहना है कि रोमिल वोहरा के पिता कपिल वोहरा द्वारा यह मकान बिना नक्शा पास कराए अवैध कब्जा कर बनाया गया है। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर नोटिस चस्पाने की कार्रवाई की गई है। साथ ही रोमिल वोहरा के परिजनों को 15 दिन के भीतर अवैध कब्जा हटाने के आदेश जारी किए गए है। निर्धारित समय अवधि में यदि कब्जा नहीं हटाया गया तो नगर निगम द्वारा उनके घर को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इससे पहले भी नगर निगम जून 2024 में कुख्यात काला कबाड़ी की अवैध संपत्ति कर ध्वस्त कर चुका है। नगर निगम डीटीपी मनोज कुमार द्वारा रोमिल वोहरा के पिता कपिल वोहरा के नाम नोटिस जारी किया गया।

- बिना नक्शा पास कराए बनाया हुआ है मकान

# लिव इन में रहने वाली युवती की हत्या कर युवक फरार

- लोकेशन पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही ठिकाना बदल लेता है हत्या का आरोपी युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत में पश्चिम बंगाल से छह महीने पहले आई एक युवती की उसके लिव इन पार्टनर ने 19 जून गुरुवार को सिर पर चोट मारकर हत्या कर दी और फिर फरार हो गया। पुलिस की सीआईए टीम आरोपी की तलाश में जुटी है।

हत्या के बाद से आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर रखा है, लेकिन पुलिस को उसकी लोकेशन कभी-कभार मिल जाती है। जैसे ही टीम वहां पहुंचती है, आरोपी पहले ही ठिकाना बदल चुका होता है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लगातार जगह बदलकर गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा है। फिलहाल उसकी तलाश में कई जगह दबिश दी जा रही है। पश्चिम बंगाल की रहने वाली 24 वर्षीय ब्यूटी खातून करीब छह महीने पहले ट्रेन से पानीपत आई थी। यहां वह पुराना औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत कुलदीप नगर की एक कॉलोनी में किराए पर रहने लगी और एक फैक्ट्री में काम करने लगी।

### हथियार मारकर हत्या

पुलिस ने शव को जिला नागरिक अस्पताल में भिजवाया, यहां से शव को खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। वहां से भी मामले को संदिग्ध देखते हुए शव को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। यहां पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसकी मौत का कारण सिर पर वजनदार हथियार से हमले को माना गया। पश्चिमी बंगाल के मुरसीदाबाद जिले के गांव राम भादरापुर निवासी नेहा खातून ने बताया कि उसकी 24 वर्षीय बहन ब्यूटी खातून छह माह पहले बिना उन्हें बताए घर से चली गई थी।

इसी दौरान उसकी पहचान सूरज पठान नाम के युवक से हुई और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए। कुछ समय बाद वे लिव इन में रहने लगे। गत 19 जून गुरुवार सुबह ब्यूटी का शव उसके कमरे में मिला। यहां उसका प्रेमी सूरज नहीं था। मकान मालकिन ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस व एफएसएल की टीम ने कमरे का निरीक्षण किया और यहां से सबूत जुटाए। शव को जिला नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने ब्यूटी के आधार कार्ड से उसकी पहचान की।

# नाबालिग लड़की के साथ किया सामूहिक दुष्कर्म

- पीड़िता को जान से मारने का भी प्रयास किया, छह युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर जंगल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म करने व उसे जहरीला पदार्थ देकर जान से मारने का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। महिला थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जून को रात एक बजे उसकी लड़की घर से अचानक लापता हो गई। उन्होंने उसकी तलाश की तो कुछ देर के बाद लड़की डरी सहमी घर पहुंच गई। लड़की ने परिजनों को बताया कि उनके गांव के ही सुभम, संदीप, वंश कुमार, रणजीत, आशु व विपिन उसे अपने साथ बहला फुसला कर जंगल में ले गए। जहां आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

इसके बाद आरोपियों ने उसे जहरीला पदार्थ देकर उसे जान से मारने का प्रयास किया। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद वह किसी तरह से आरोपियों से बचकर वहां से भाग निकली।

### आरोपियों की तलाश जारी

इस दौरान आरोपियों ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। परिजनों ने जब घटना सुनी तो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सुभम, संदीप, वंश कुमार, रणजीत, आशु व विपिन के खिलाफ 351 टू, 123, 115 बीएनएस व छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## नशा तस्कर 480 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस टीम ने नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के तहत थाना शहर के सामने एक नशा तस्कर को 480 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया।

आरोपी की पहचान वधावा राम कॉलोनी निवासी प्रवीन के रूप में हुई है। थाना शहर प्रभारी सब इंस्पेक्टर कुलदीप ने बताया कि थाना शहर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर संजय चौक की और से आ रहे दिव्यांग की रिक्शा को रोककर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान वधावाराम कॉलोनी निवासी प्रवीन पुत्र हरपाल के रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक की रिक्शा में रखे बैग की तलाशी ली तो 480 ग्राम गांजा मादक पदार्थ बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह शार्टकट तरीके से पैसे कमाने के लिए बरामद गांजा ट्रक युनियन में एक अज्ञात ड्राइवर से कम कीमत पर खरीदकर लाया था। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# 4.76 क्विंटल नशीले पदार्थ के साथ ट्रक चालक काबू, रिमांड पर लिया

- चॉकलेट बिस्किट की आड़ में हो रही थी चूरापोस्त की तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

सीआईए-वन की टीम ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने चॉकलेट बिस्किट की आड़ में की जा रही नशीले पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए 4 क्विंटल 76 किलो चूरा पोस्त बरामद किया है। पुलिस द्वारा इस वर्ष-2025 में मादक पदार्थों के 71 मामले दर्ज करके 117 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल में भेजा गया है।

मादक पदार्थों में अफीम 5 किलो 431 ग्राम 650 मिलिग्राम व अफीम के पौधे 8 किलो 140 ग्राम, डोडा चूरापोस्त 583 किलो 738 ग्राम, हैरोइन 02 किलो 815 ग्राम 183 मिलिग्राम, चरस 772 ग्राम, गांजा 24 किलो 580 ग्राम, स्मैक 59 ग्राम 666 मिलिग्राम, नशीली गोलियाँ 24300 व नशीले कैप्सूल्ज 5758 बरामद किए जा चुके है। ताजा मामले में डीएसपी वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक ट्रक में नशे की खेप की सप्लाई की जा रही है। इसी आधार पर सीआइए स्टाफ ने ट्रक को नाकाबंदी के जरिए पकड़ने की योजना बनाई। तय योजना के मुताबिक पुलिस ने ट्रक को काबू कर लिया। इसके बाद सीआईए 1 की टीम ने ट्रक ड्राइवर अनिल को गिरफ्तार किया है। जोकि बराड़ा का रहने वाला है। ड्राइवर अनिल मध्य प्रदेश से 4 क्विंटल 76 किलो चुरा पोस्त लेकर अंबाला आ रहा था। अब पुलिस ने आरोपी अनिल को रिमांड पर लिया है। रिमांड के जरिए ही उससे गहन पूछताछ की जाएगी।




**अंबाला।** चूरापोस्त के साथ पकड़ा गया आरोपी ट्रक चालक।

## टॉयलेट क्लीनर पीने वाले युवक की हालत बिगड़ी

**पानीपत।** पानीपत में आज सुबह एक 21 साल के युवक ने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। वह अपने दोस्तों के साथ सडक़ किनारे खड़ा था। सिगरेट पीने के बाद अचानक उसने बैग से बोतल निकाली और एक झटके में पूरा केमिकल गटक गया। युवक को तुरंत अस्पताल ले जाया गयाए जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बताया गया है कि युवक नूरमान बीते कुछ महीनों से बेरोजगार था, जिसके कारण वह डिप्रेशन में था, हालांकि दो दिन पहले ही उसे नौकरी मिल गई थी। परिजनों का कहना है कि वह टॉयलेट क्लीनर घर से ही बैग में भरकर ले गया था। युवक के दोस्त आयुष ने बताया कि सुबह वह अपने दोस्तों के साथ था। सभी लोग पीवीआर सिनेमा के पास खड़े थे। वहां नूरमान ने पहले सबके साथ सिगरेट पी और फिर अचानक उसने अपने बैग से टॉयलेट क्लीनर की बोतल निकाली और बिना किसी को कुछ कहे एक झटके में पूरा पी गया। दोस्तों को कुछ समझ में आता, तब तक उसकी हालत बिगडऩे लगी। तेजाब पीने के बाद दोस्त उसे तुरंत सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे।

## पत्नी का मजाक करना बना जानलेवा, पति ने दी जान

**करनाल।** एक मामूली से मजाक ने एक नवयुवक की जिंदगी छीन ली। पत्नी की तोंद निकलने पर मजाक करने पर हुए झगड़े और ससुराल पक्ष की मारपीट से आहत होकर युवक ने नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना उचाना नहर की है, जहां करनाल के कुटानी रोड निवासी 35 वर्षीय सुखविंद्र ने नहर में छलांग लगा दी।

मृतक की बहन सरोज के अनुसार, तीन महीने पहले ही सुखविंद्र एक बेटी का पिता बना था। उसकी शादी पानीपत में हुई थी और वह कुटानी रोड पर पत्नी संग रहता था। कुछ दिन पहले उसने पत्नी से मजाक में कहा कि तेरी तोंद निकल रही है, खाना कम कर। इस पर पत्नी नाराज हो गई और मायके वालों को बुलाकर झगड़ा कर लिया। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। घटना के दिन सुखविंद्र ने अपनी बहन को फोन कर कहा कि वह उचाना नहर पर खड़ा है और यह उसकी आखिरी बात है। बहन घबरा गई और दूसरे भाई को लेकर मौके पर पहुंची। वहां उन्हें सुखविंद्र की स्कूटी और बैग मिला। एक महिला ने बताया कि किसी ने कुछ देर पहले नहर में छलांग लगाई थी और वह तीन बार पानी में ऊपर आया फिर गायब हो गया।

# ऑपरेशन आक्रमण के तहत 36 आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस महानिदेशक के आदेश पर पूरे जिले में चलाया गया अभियान

**अंबाला।** पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान विभिन्न अपराध में शामिल 36 आरोपियों को काबू किया गया। आरोपियों से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब, जुआ एवं सट्टा में लगाई गई राशि, मोटरसाइकिल व मादक पदार्थ बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत सिंह कपूर के निर्देश पर चलाए गए ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियान के तहत सभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 62 टीमों का गठन किया गया था। इसमें 291 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों पर कड़ा प्रहार करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। एसपी ने बताया कि अभियान के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 4 मामले दर्ज करते हुए 4 आरोपियों को काबू कर उनसे 55 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। मादक पदार्थ तस्करी के 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर 24.62 ग्राम हेरोइन व गांजा बरामद किया गया है। जुआ अधिनियम के तहत दर्ज 10 मामलों में 10 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपियों से 17430 रुपये जब्त किए गए।

## नरवाना में राज्यस्तरीय सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता संपन्न

# कुरुक्षेत्र की टीम ने हॉकी में जीता कांस्य पदक

- टीम का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

हॉकी हरियाणा की तरफ से नरवाना में सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र हॉकी टीम ने सोनीपत की टीम को 3-0 से पराजित करके कांस्य पदक हासिल किया है।

इस उपलब्धि पर हॉकी के सेवानिवृत चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रशिक्षक सोहन लाल, नरेन्द्र ठाकुर व साहिल को बधाई व शुभकामनाएं दी है। हॉकी कुरुक्षेत्र के प्रधान विकासदीप संधू व सचिव गुरविन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र हॉकी की सब जूनियर टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यह टीम सेमिफाइनल में कैथल की टीम से हारी थी। इस हार के बाद कुरुक्षेत्र की टीम ने सोनीपत की टीम को शूटआउट समय में 3-0 से पराजित किया। हालांकि दोनों टीमें निर्धारित समय में एक-एक गोल से बराबर रही थी। इस प्रकार कुरुक्षेत्र की टीम को शूट आउट में 3-0 से जीत हासिल हुई। हॉकी कोच सोहन लाल, हॉकी कोच नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि हॉकी कुरुक्षेत्र की तरफ से 19 जून से 23 जून तक नरवाना में सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र की टीम के खिलाड़ी अमितोज सिंह,सहजदीप सिंह संजय,आर्यन, ब्रिजेश प्रसाद, सुमित, विश्वजीत, वासू राणा, मोहित झुंझार, साहिल, निखिल, शुभंम, अनिकेत,आदित्य,खुश, दिपांशु राठी,गर्ग गिल,जश्न रमन खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कुरुक्षेत्र की टीम को कांस्य पदक जीताने का काम किया। कुरुक्षेत्र की टीम का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर स्वागत किया गया।



### शुभकामनाएं दी

इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार, प्रशिक्षक चांद राम, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, विनोद गर्ग, नरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# पिकअप से अवैध शराब की 40 पेटी बरामद

- एंटी नारकोटिस सेल ने मिल्क माजरा टोल प्लाजा के पास बरामद की अवैध शराब
- पुलिस ने आरोपी महिंद्रा पिकअप चालक को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने मिल्क माजरा टोल प्लाजा के पास नाकाबंद कर महिंद्रा पिकअप में अवैध रूप से लाई जा रही अंगे्रजी व देशी शराब की 40 पेटी बरामद की है। पुलिस ने मौके से आरोपी महिंद्रा पिकअप चालक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध शराब को कब्जे में लेकर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

एंटी नारकोटिक सेल के इंचार्ज अरुण बिश्नोई ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि अंबाला की ओर से एक गाड़ी अवैध शराब लेकर यमुनानगर जिले में प्रवेश करेगी। गुप्त सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। टीम ने टोल प्लाजा मिल्क माजरा पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। टीम को अंबाला की तरफ से एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी।

पुलिस को देखकर आरोपी चालक गाड़ी को तेज गति से भगाने लगा। मगर पुलिस टीम ने गाड़ी का पीछा कर उसे काबू कर लिया। जब गाड़ी की जांच की गई तो उसमें पेटियों में शराब भरी मिली।

मौके से अंग्रेजी व देशी शराब की 40 पेटियों को कब्जे में लेकर मौके से आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव जयधर निवासी प्रदीप के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा अवैध शराब के साथ पकड़ा गया आरोपी महिंद्रा पिकअप चालक।

## खबर संक्षेप

### फैक्टरी से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** ट्विन सिटी में चोरों ने फैक्टरी से हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। चोपड़ा गार्डन कॉलोनी निवासी विपिन धवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गुलाब नगर में प्लास्टिक का सामान बनाने की फैक्ट्री है। वह 21 जून को शाम छह बजे फैक्ट्री से काम खत्म करवा कर घर आया था। अगले दिन रविवार की छुट्टी होने के कारण वह फैक्ट्री में नहीं गया। सोमवार को जब वह फैक्ट्री में गया तो उसे वहां सामान बिखरा मिला। जांच करने पर फैक्ट्री से एलईडी, लैपटॉप, 4250 रुपये की नकदी, मोबाइल व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### आजाद नगर में चोरों ने जिम को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** आजाद नगर निवासी संदीप शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी महावीर चौक पर केनरा बैंक के पास रॉक जिम है। चोरों ने 21 जून को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच में जिम में घुसकर 60 किलो लोहे की प्लेट, इनवर्टर बैंटरी, पंखा, एल्युमिनियम दरवाजा फ्रेम और तेल निकालने की मशीन चोरी कर ली। जब वह शाम को जिम में गया तो उसे सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मामूली कहासुनी पर व्यक्ति को पीटकर किया घायल

**यमुनानगर।** मामूली कहासुनी होने पर पांच लोगों ने एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिया। घायल को अस्पताल में भरती करवाया गया। जानकारी के अनुसार जैन कॉलोनी गली नंबर एक निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले डिंपल व उसके बेटे तुषार के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसकी रंजिश में 12 जून को रात आठ बजे कॉलोनी में आरोपी ने अपने बेटे तव परिवार के के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया।

### लाखों लेकर फरार नेपाली नौकर का सुराग नहीं

**यमुनानगर।** जगाधरी-बिलासपुर मार्ग स्थित सब्बरवाल अस्पताल के संचालक और उनकी पत्नी को सुबह के वक्त चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर उनका नेपाली नौकर घर से नगदी समेत लाखों रुपये का सामान लेकर फरार हो गया था। जिसका एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस को अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। जानकारी के मुताबिक जगाधरी निवासी नवीन सब्बरवाल ने बिलासपुर मार्ग पर सब्बरवाल के नाम से अस्पताल बनाया हुआ है। डॉक्टर नवीन के मुताबिक उन्होंने करीब दो महीने पहले नेपाली नौकर अनिल को रखा था। उसप्ताह भर पहले उनका बेटा बाहर गया हुआ था और वह व उसकी पत्नी घर पर अकेले थे। रोज की तरह सुबह नींद से जागे तो नौकर ने उनको चाय में नशीला पदार्थ पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गए थे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया।

## तापमान 42 डिग्री को पार कर गया

# बारिश होने पर भी उमस से नहीं मिली राहत निचले इलाकों में भरे पानी से लोग परेशान




**यमुनानगर।** यमुनानगर में सुबह के वक्त हुई बारिश में भीगते हुए अपने गंतव्य पर जाते लोग व गलियों में भरा लबा लब बारिश का पानी। *फोटो: हरिभूमि*

### मंगलवार को रादौर समेत कई स्थानों पर कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने से जनजीवन अस्तव्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में मंगलवार को रादौर समेत कई स्थानों पर कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश होने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। बारिश होने से यमुनानगर की कई नीचले इलाके में स्थित कॉलोनियों की गलियों व सड़कों पर पानी भरने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। खास बात यह रही कि बारिश होने के बाद भी लोगों को मौसम में बनी उमस से राहत नहीं मिली। वहीं, बारिश होने से जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

मंगलवार सुबह चार बजे के करीब जिले में कई स्थानों पर बारिश शुरु हो गई। इस दौरान कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। बारिश होने से शहर के मॉडल टाउन व अर्जुन नगर समेत निचले इलाकों में स्थित गलियों में एक से दो फुट पानी भर गया। जिससे लोगों का गलियों से गुजरना मुहाल हो गया। इस दौरान लोगों ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे सफाई कार्य में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

सड़कों पर पानी भरने से कीचड़ बनने से दोपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोपहिया वाहन चालक व पैदल चलने वाले राहगिर सड़कों पर बने कीचड़ के छींटे पड़ने से भीगते नजर आए। मगर इसके बाद दिन भर आसमान में बादल छाए रहने से मौसम में उमस बनी रही।

#### गन्ना, चारा व पोपलर की फसलों के लिए बारिश बनी वरदान

किसान धर्म सिंह, सुखबीर सिंह, प्रेम पाल, सुधीर कुमार, सतविंद्र सिंह, गुरनाम सिंह, राजबीर, महेंद्र कुमार, सुरेश पाल व रामेश्वर आदि ने बताया कि पिछले कुछ दिन से मौसम में बनी गर्मी की तपिश के कारण गन्ना समेत अन्य फसलों में बीमारियों का प्रकोप बढ़ने लगा था। किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए दवाइयों का छिड़काव कर रहे थे। मगर दवाइयों का छिड़काव करने से भी फसलों में बीमारियों का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा था। मगर अब मंगलवार को हुई तेज बारिश से जहां गन्ना, चारा, पोपलर आदि फसलों को बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। वहीं, धान की रोपाई में तेजी आएगी

#### तापमान में गिरावट

मंगलवार को बारिश होने के बाद जिले के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान जिले का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**यमुनानगर।** सचिवालय में जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए एडीसी नवीन आहूजा।

## सड़क सुरक्षा के नियमों का करें पालनः आहूजा

- जिला सचिवालय में सड़क सुरक्षा कमेटी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में मंगलवार को सड़क सुरक्षा कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। उन्होंने सड़क एवं यातायात के नियमों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने से जहां एक व्यक्ति की जान जाती है। वहीं उसके परिवार को भी जीवन भर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नए ब्लैक स्पॉट व दुर्घटना सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर सड़कों की मरम्मत का कार्य विशेष प्राथमिकता से करें। उन्होंने नेशनल हाईवे ऑथारिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईवे को जोड़ने वाले लिंक रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाकर दुर्घटनाओं में कमी लाएं। उन्होंने कहा कि अधिकारी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर व अमूल्य जिन्दगियों को बचाकर अपनी दैनिक डयूटी करते समय पुण्य के भागीदार बन सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि स्कूलों की बसों की भी चैकिंग करें। उनकी आईडी व ड्राईविंग लाईसेंस चैक करवाएं और बस ड्राइवरों की आखों की भी जांच नियमित करवाते रहें।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वर्तमान में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 20 प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य दिया और निष्ठा से इसका पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला में हाईवे पर बिना नंबर के जो वाहन चल रहे हैं उनका चालान करें। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस चालानों की संख्या बढाएं। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमरिंदर सिंह, हरतजीत कौर, सोनू राम, जसपाल सिंह गिल, एरोहित कुमार, नरेन्द्र कुमार व एडवोकेट सुशील आर्य आदि मौजूद रहे।

## नशे का शरीर व मन पर होता है दुष्प्रभाव

- जिला पुलिस प्रशासन ने जयसिंह माजरा में आयोजित किया नशे से बचाव जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्त अभियान के तहत गांव जयसिंह का माजरा में नशा से बचाव जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों व युवाओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और नशा जैसी बुराई से दूर रहने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में खेड़ी लक्खा सिंह पुलिस चौंकी के प्रभारी जसवंत सैनी ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता एवं खेड़ी लक्खा सिंह पुलिस चौंकी के प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के निर्देशों पर जिले में नशा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। जसवंत सैनी ने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव का सीधा असर हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। नशा करने व नशीली दवाओं का सेवन करने से शरीर के विभिन्न अंगों के साथ ही दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है। नशा एक समस्या है जो समाज में व्याप्त हो रही है। इसके दुष्प्रभाव व्यक्ति, परिवार और समाज को बूरी तरह प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हमें अपनी जिम्मेदारियों को समझना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाना चाहिए। नशे को रोकने के लिए समाज को सहयोग करना चाहिए और नशीली दवाओं के विरुद्ध जागरूकता फैलानी चाहिए।



**यमुनानगर।** गांव जयसिंह माजरा में नशामुक्त अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में नशा के विरुद्ध आमजन को जागरुक करती पुलिस की टीम। *फोटो: हरिभूमि*

## नालों के सफाई में कोताही बर्दाश्त नहींः धीरज

- अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी कार्यालय में निगम के सफाई शाखा व अभियंता शाखा के अधिकारियों की आयोजित बैठक में शहर में चल रहे नालों के सफाई कार्य की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने की। उन्होंने अधिकारियों को नालों के सफाई कार्य को गंभीरता से लेने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को नालों की सफाई के कार्य में किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं किए जाने की चेतावनी दी। अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में फील्ड में रहकर नालों की सफाई की निगरानी करें। नालों में जहां गंदगी है उसे तुरंत साफ कराएं।

उन्होंने मौके पर अधिकारियों से जोन एक, जोन दो व जोन तीन के जगाधरी के प्रकाश चौक से गौरी शंकर मंदिर तक के नाले, सेंट थॉमस स्कूल के पास वाले नाले, जगाधरी से सेक्टर 17 से होते हुए आ रहे नाले, स्वामी विवेकानंद स्कूल वाली पुलिया, जिमखाना क्लब से प्रोफेसर कॉलोनी से होते हुए कैप्शन, मॉडल टाउन, जब्बी वाला गुरुद्वारा, सरोजनी कॉलोनी, टैगोर गार्डन तक नालों समेत अन्य नालों के सफाई कार्य की जानकारी ली। उन्होंने बारिश के दौरान शहर में जिन स्थानों पर जलभराव हुआ है उनका कारण पता कर उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही नालों में जहां जहां गंदगी है उसकी तुरंत प्रभाव से सफाई कराने के निर्देश दिए।



**यमुनानगर।** निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

#### रोजाना कार्य जांचें

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रोजाना अपने अपने क्षेत्र में नालों की सफाई का कार्य जांचें। एजेंसी द्वारा निर्धारित संसाधनों व कर्मियों की संख्या कम मिलने पर जुर्माना लगाएं। सभी नालों की गहराई तक सफाई कराएं। ताकि शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने आमजन से नालों में पॉलिथीन व ठोस कचरा न डाले जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नालों में पॉलिथीन समेत अन्य कचरा डाले जाने से पानी निकासी में बाधा होती है और जलभराव की समस्या होने से लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। इसलिए नालों में कचरा आदि ना बहाएं। मौके पर निगम अभियंता मृणाल जैयसवाल, निगम अभियंता सुरेंद्र दहिया, सीएसआई अनिल नैन, सीएसआई हरजीत सिंह,सीएसआई विनोद कुमार, कनिष्ठ अभियंता गोपाल, अजय व नरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## श्रीराम चरित मानस पाठ रादौर में 9 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

श्रीव्यास पूर्णिमा के अवसर पर नौ जुलाई को रादौर के धोबी मोहल्ला स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में दो दिवसीय श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। पाठ के शुभारंभ से पहले हवन यज्ञ और पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने बताया कि 9 जुलाई को सुबह 8 बजे हवन व पूजन किया जाएगा। इसके बाद श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ का शुभारंभ किया जाएगा। नुउन्होंने बताया कि अगले दिन 10 जुलाई को सुबह 6 बजे हवन पूजन, 8 बजे भोग, 9 बजे गुरू पूजा व 10 बजे प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से दो दिवसीय श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ में शामिल होकर श्रीराम चंद्र जी की महिमा का गुणगान सुनने के लिए अपील की।



**यमुनानगर।** श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ की जानकारी देते हुए आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल।

## वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना कार्ड से मिल रही मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएंः सपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिक अस्पताल यमुनानगर में आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 70 वर्ष और इससे अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदन कार्ड वितरित किए गए।

मुख्यातिथि एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना लागू की गई है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 29 अक्टूबर 2024 को इस योजना को लांच किया गया था। उन्होंने कहा कि वय वंदना कार्ड मुफ्त में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।

इस योजना के तहत लाभार्थी को हर साल पांच लाख रुपये तक का कैशलेस ईलाज बिल्कुल मुफ्त दिया जाएगा। यह राशि न केवल सामान्य बीमारियों बल्कि गंभीर मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए भी पर्याप्त है। नोडल अधिकारी डॉ.वागीश गुटैन ने बताया कि योजना के तहत गत 9 जून तक 8444 वय वंदना कार्ड बनाए जा चुके हैं। इस अवसर पर डॉ. नवजोत , किरण टिवाना,उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुप गोयल, डॉ. निशा गुरावा, हरीश, गौरव आदि मौजूद रहे।



#### कार्ड बनवाने की अपील


वय वंदना कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक व शाम साढ़े चार बजे से साढ़े छह बजे तक व सभी सीएचसी व पीएचसी में सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक वय वंदना कार्ड बनाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से अपने कार्ड बनवाने की अपील की।

## धूमधाम से निकाली जाएगी जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

रादौर के पक्का घाट स्थित श्री नागेश्वर मंदिर की ओर से तीन जुलाई को रादौर में पहली बार श्री जगन्नाथ भगवान की धूमधाम से रथयात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान यात्रा का रादौर में जगह जगह स्वागत किया जाएगा। उक्त जानकारी श्री नागेश्वर मंदिर के महंत दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज ने दी।

श्री नागेश्वर मंदिर के महंत दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज ने बताया कि रादौर में पहली बार श्रीजगन्नाथ भगवान की रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीन जुलाई को रथयात्रा का शुभारंभ श्री नागेश्वर धाम पक्का घाट से किया जाएगा। रथयात्रा रादौर के मेन बाजार, थाना चौक और कस्बा के विभिन्न मार्गों से होती हुई अंत में सफल पैलेस में जाकर संपन्न होगी। उन्होंने कस्बा समेत आसपास के क्षेत्र के लोगों से श्रीजगन्नाथ भगवान की रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में आर्शीवाद प्राप्त करने की अपील की।



**यमुनानगर।** श्रीजगन्नाथ रथयात्रा की जानकारी देते दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज

## राष्ट्रीय लोक अदालतों में लोगों को सस्ता और सुलभ मिलता है न्यायः कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 12 जुलाई को जिला न्यायिक परिसर में दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने दी।

सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा 138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले वेतन और भत्ते तथा पुनः परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले और राजस्व व अन्य सहायक मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं इस अदालत में लिए जाएंगे। सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत कारगर सिद्ध हो रही हैं।

#### आपसी सहमति से विवादों का समाधान

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। सीजेएम ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। वहीं, राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालतों में न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत होती है। बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

### हरियाणा बटालियन एनसीसी का दस दिवसीय वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम

## तनाव प्रबंधन के लिए बनाएं सही शारीरिक मुद्राः शुक्ला

- मुख्य वक्ता सीटीओ प्रीति शुक्ला ने कैडेट्स को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

14 हरियाणा बटालियन एनसीसी द्वारा जगाधरी में आयोजित किए जा रहे दस दिवसीय वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंगलवार को कैडेट्स को शारीरिक विकृतियां और तनाव प्रबंधन के लिए जागरुक किया। कार्यक्रम में कर्नल जरनैल सिंह व कर्नल जितेंद्र सिंह दहिया ने पर्यवेक्षण के रुप में भाग लिया। सीटीओ प्रीति शुक्ला समेत अन्य वक्ताओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं सीटीओ प्रीति शुक्ला ने कैडेट्स को शारीरिक विकृतियां और उनके सुधारात्मक उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।



**यमुनानगर।** जगाधरी में चल रहे एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कैडेटस को जानकारी देते हुए वक्ता।

#### शारीरिक विकृतियों से किया जा सकता है बचाव

- विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 518 कैडेटस ने भाग लिया

उन्होंने कहा कि सुधारात्मक उपाय करके शारीरिक विकृतियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने कैडेट्स को गलत आसनों, बैठने की गलत आदतों और अनुचित ट्रेनिंग पोजिशन से होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मौके पर कैडेट्स को सरल व्यायामों का प्रदर्शन कर सही शारीरिक मुद्रा बनाए रखने के उपाय भी बताए। मौके पर जीएसआई सुरक्षा चौधरी ने कैडेट्स को तनाव प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक और शैक्षणिक चुनौतियों से उत्पन्न तनाव को गहराई से समझना और उससे निपटना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गहरी सांस लेकर, माइंडफुलनेस और समय प्रबंधन जैसे सरल उपाय करके तनाव प्रबंधन किया जा सकता है। ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेकर कैडेटस न केवल शारीरिक रूप से सशक्त बनते हैं। बल्कि मानसिक रूप से भी दृढ़ता प्रदान करते हैं। सूबेदार मेजर जसवंत सिंह ने बताया कि शिविर में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 518 कैडेटस भाग ले रहे हैं। शिविर में कैडेट्स के लिए शारीरिक, शैक्षणिक और प्रेरक गतिविधियों का संतुलित मिश्रण प्रदान करने के आलावा संपूर्ण प्रशिक्षण अनुभव प्रदान किया जा रहा है।

## अलसुबह बरसात ने दी राहत तो कुछ देर बाद धूप और उमस ने किया पसीना-पसीना

# झमाझम बारिश से सड़कें जलमग्न, बढ़ी परेशानी

- सफाई कर्मियों ने शहर के विभिन्न इलाकों से बरसात के पानी बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कई दिनों से गर्मी झेल रहे लोगों को मंगलवार अलसुबह हुई झमाझम बारिश ने कुछ देर के लिए राहत दी, लेकिन लोगों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। अचानक धूप खिलने से उमस और गर्मी ने सभी को पसीना पसीना कर दिया। बारिश से शहर भर की सड़कों पर पानी भर गया। सड़कों पर निकले लोग पूरे दिन इस समस्या से जूझते रहे। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरने से जहां आम जनजीवन परेशान रहा तो वहीं दूसरी ओर नगर में प्रवाहित होने वाले नाले पानी से लबालब हो गए। इससे नालों का गंदा पानी सड़कों पर पसर गया। इस कारण लोगों को आवागमन में भारी दुश्वारियां का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण नगर के विभिन्न मार्ग जलमग्न हो गए। बारिश के कारण शीला नगर, राजेंद्रा नगर कुटिया वाली गली, बिरला मंदिर वाला मार्ग, झांसा रोड, पैनोरमा के नजदीक सहित कई निचले इलाकों में बारिश का पानी जमा हो गया। हालांकि जलभराव की खबर मिलते ही नगर परिषद प्रशासन हरकत में आया और नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार के निर्देश पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी बरसाती पानी की निकासी के काम में जुट गए। सफाई कर्मियों ने शहर के विभिन्न इलाकों से बरसात का पानी बाहर निकाला।


कुरुक्षेत्र। कुटिया वाली गली में जमा बारिश का पानी। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर जमा बारिश का पानी। फोटो : हरिभूमि

### मानसून की पहली बारिश से किसानों के चेहरे खिले

मंगलवार को सुबह से हुई झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे है। भीषण गर्मी व बिजली संकट से जूझ रहे लोगों को उस समय भारी राहत महसूस हुई जब क्षेत्र में सुबह से मानसून की पहली बारिश ने दस्तक दी। बारिश की फूहारों से जहां किसानों के चेहरों पर रौनक आई हैं, वहीं आम इंसान को भारी गर्मी से भारी राहत मिली है। किसान बलदेव सिंह, धर्मबीर, लछमन सैनी, जसबीर सिंह ने बताया कि बरसात होने किसानों को काफी लाभ पहुंचा है। धान की फसल लगाने में मदद मिलेगी और जो धान की फसल लग चुकी है उसे भी इस बरसात का लाभ मिलेगा।

### गर्मी के कारण लोग बेहाल

जिले में बारिश होने के बाद उमस बढ़ गई है। मंगलवार को उमस भरी गर्मी से लोग जहां बेहाल हो गए। वहीं अधिकतम और न्यूनतम तापमान अन्य दिनों की अपेक्षा गिर गया। जिले में बरसात के बाद निकली धूप से एक बार पुनः उमस बढ़ गई। गर्मी का आलम यह रहा कि लोग इससे बेहाल दिखे। मंगलवार अलसुबह 4 बजे शुरु हुई झमाझम बारिश सुबह लगभग 9 बजे तक चली। लोगों को उम्मीद थी कि बारिश से गर्मी से राहत मिलेगी लेकिन बारिश के बाद धूप निकलने से मौसम में उमस पैदा हो गई जिस कारण लोग दिनभर परेशान रहे। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 28 डिग्री सेल्सियस रहा।

### श्रीकालेश्वर महादेव मंदिर में घुसा बारिश का पानी

बारिश का पानी श्रीकालेश्वर महादेव मंदिर में भी घुस गया। मंदिर के अंदर पानी ही पानी जमा हो गया। शिवलिंग तक पानी पहुंच गया। मंदिर के सेवादारों ने बाल्टियों के द्वारा पानी को बाहर निकाला। वहीं लोक नायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर बारिश का पानी जमा होने से मरीजों व उनके साथ आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बारिश ने खोली नपा प्रशासन की पोल



**शाहबाद।** सुबह हुई तेज बरसात होने से जहां लोगों ने कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत ली वहीं नगर के कई हिस्सों में जल भराव होने से नपा प्रशासन की पोल खोल दी। नगर के रेलवे रोड, एकता विहार रोड, देवी मंदिर रोड, शरबत भवन रोड पर इस कद्र जल भराव हो गया जिस कारण लोगों की दुकानों और घरों में पानी बढ़ गया। वही दयाल नगर रेलवे अंडरपास में पानी इतना भर गया कि लोगों को अपने वाहन पैदल धक्के मारते हुए निकालना पड़े। वही कामकाजी महिलाओं और पुरुषों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए जल भराव के कारण बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ा। शाहाबाद में पानी के निकासी का कोई प्रबंध न होने के कारण जल भराव की समस्या का सामना करना पड़ता है जबकि प्रशासन इस समस्या को लेकर कुंभ करनी नींद सोया हुआ है। पिछले साल नगर में बाढ़ की स्थिति बनी हुई थी जिससे लोग अपने घरों को ताला लगाकर या तो रिश्तेदारों के यहां चले गए थे या फिर होटल में अपने दिन काटने पड़े थे लेकिन आज भी समस्या वैसे ही बनी हुई है। लोगों की पुरजोर मांग है नगर की गंभीर जल भराव की समस्या से निजात दिलवाने का प्रशासन काम करें।

### नगरपरिषद के कार्यकारी अधिकारी ने लिया पानी निकासी का जायजा

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि बरसाती पानी की निकासी सुचारु रखने के लिए सुबह से ही नप के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम फील्ड में थी। उन्होंने स्वयं अपनी देखरेख में भी कई जगहों पर निरीक्षण किया और जहां-जहां संभव हुआ पानी निकासी की व्यवस्था करवाई। इसके अलावा सेक्टर-13 अग्रसैन स्कूल के सामने, परशुराम कालेज के सामने व मां भद्रकाली मंदिर में भी जलभराव होने पर वाटर पंप लगाकर पानी की निकासी करवाई। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों ने अपने स्तर पर कैलाश नगर, आकाशवाणी कालोनी, सेक्टर-7 में पीर की मजार के पास, सेक्टर-5 की मार्केट, सेक्टर-13 हनुमान मंदिर के सामने, पिपली गीताद्वार के नीचे व अन्य रिहायशी एरिया में पानी निकासी लगातार सुचारु रखी।इस अवसर पर उनके साथ एक्सईएन रवि ओबराय, एमई मंगूराम, एमई जयपाल, क्लर्क राकेश, फिल्ड आफिसर अनूप सिंह, आईईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र कुमार व अन्य सफाई कर्मचारियों की टीम मौजूद थी।

## कुवि में विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए 587 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की प्रवेश परीक्षा के दूसरे दिन 587 परीक्षार्थी विभिन्न प्रोग्राम्स की परीक्षा देने पहुंचे जिसमें एम.एस.सी सूक्ष्म जीव विज्ञान में 89, एम.एस.सी. भूगोल में 193 व एम.एस.सी. रसायन विज्ञान में 305 विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दी जिसके लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए। बुधवार को यूजी/पीजी कोर्सिज की श्रृंखला में तीन पीजी प्रोग्राम्स एम.एम.सी. फोरेंसिक विज्ञान, एम.एस.सी. गणित व एम.एस.सी. प्राणी विज्ञान व एम.एस.सी. भौतिकी की परीक्षा होगी जिसमें 1035 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन किया है। इस बारे जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा-निदेशानुसार कुवि के विभिन्न विभागों के पाठ्यक्रमों के लिए सत्र 2025-26 के लिए 11203 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है जिसमें 23 जून से 8 जुलाई तक इन पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। मंगलवार को एम.एस.सी. माइक्रोबायोलॉजी में 89 परीक्षार्थी सुबह 10 बजे परीक्षा देने पहुंचे जबकि दोपहर सत्र में 12.30 बजे एम.एस.सी. भूगोल की परीक्षा सम्पन्न हुई।

### डीटीपी की टीम ने 4 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट

**शाहबाद।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के पट्टद्दी कांकरा में लगभग 4 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा शाहबाद के पट्टद्दी कांकरा में लगभग 4 एकड़ की अवैध कॉलोनी को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने शाहबाद में राजस्व संपदा शाहबाद के पट्टद्दी कांकरा में लगभग 4 एकड़ की अवैध कॉलोनी में बनी सडकें, सीवरेज और मेल हॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा शाहबाद में पट्टी कांकरा में लगभग 4 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की।



### डीएलएसए ने चलाया नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला ड्रग कंट्रोल अथॉरिटी के के सहयोग से नशे के खिलाफ जागरूकता कैंप लगाए जा रहे है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि कीर्ति नगर में यह कैंपेन चलाया गया और और लोगों को नशा ना करने के लिए जागरूक किया गया। सीजेएम ने कहा कि इस शिविर के दौरान उन्हें नशीली दवाइयों के दुरुपयोग के बारे में जागरूक किया गया।

## पार्षद मुकंद लाल और कमल किशोर फाइनेंस कमेटी के सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- महज 11 मिनट में संपन्न हुई थानेसर नगर परिषद हाउस की बैठक, फाइनेंस कमेटी का किया गठन

थानेसर नगर परिषद की मंगलवार को तीसरी बार हुई बैठक आखिरकार शांतिप्रिय माहौल में सम्पन्न हो गई। सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर आरंभ हुई यह बैठक भारी पुलिस सुरक्षा के बीच महज 11 मिनट में संपन्न हो गई। इस बैठक का मुख्य एजेंडा फाइनेंस कमेटी का गठन था, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा के बड़े भाई मुकंद लाल सुधा और पार्षद कमल किशोर को फाइनेंस कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया। इस मौके पर मुकंद लाल सुधा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे सबको साथ लेकर चलेंगे और सभी काम करवाएंगे। वहीं कमल किशोर ने भी सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद नगर परिषद अध्यक्षा माफी ढांडा, ईओ राजेश कुमार व अन्य। फोटो : हरिभूमि

बैठक में पार्षद मनिंदर छिंदा, धनराज, गौरव भट्ट, पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा निन्दी, सतीश मदान टोनी, आरडब्ल्यूए के प्रधान डॉ. केवल कृष्ण, स्थानू सेवा मंडल के प्रधान विनोद अरोड़ा, वार्ड 21 से भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुकी एकता गोयल सीकरी ने अपने अपने वार्ड और शहर में चल रहे विकास कार्यों, समस्याओं के समाधान को लेकर अपने सुझाव दिए। मंगलवार ये दूसरी बैठक तीसरी बार आयोजित की गई।

### प्रभातफेरी का पुष्प वर्षा से किया स्वागत

**पिहोवा।** जब प्रभु नाम की मधुर तान हवाओं में घुल जाए, जब गली-गली में राधे-श्याम का गान गूंजे, और जब श्रद्धा से भरे कदम प्रभु की ओर बढ़ें — तब वो प्रभात केवल एक सुबह नहीं, बल्कि आत्मा को आलोकित कर देने वाला आध्यात्मिक उत्सव बन जाती है। कुछ ऐसा ही दृश्य आज पिहोवा की नंद कॉलोनी में देखने को मिला। परम श्रद्धेय स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन आशीर्वाद से सम्पन्न हुई आज की प्रभात फेरी, फूल सिंह पाल परिवार के सौजन्य से एक दिव्य स्मृति बन गई। जैसे ही प्रभात की किरणें फैलीं, नंद कॉलोनी की गलियाँ प्रभु भक्ति से सराबोर हो उठीं। श्री कृष्ण कृपा गौशाला के प्रधान जगदीश तनेजा ने श्रीराम-भरत संवाद के माध्यम से प्रेम और विश्वास की दिव्यता को उजागर किया।भक्ति भाव से ओतप्रोत इस आयोजन में पाल परिवार ने तन-मन से सेवा करते हुए हर अतिथि का स्नेहपूर्वक स्वागत किया।

## जब तक बाहरी लोग बैठक में आएंगे तब तक बहिष्कार जारी रखूंगा : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- विधायक अशोक अरोड़ा ने पत्रकारों से की बातचीत

थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि देश संविधान और कानून से चलता है। नगरपरिषद थानेसर में संविधान और कानून को ताक पर रखकर उन्हीं बाहरी लोगों को हाऊस की बैठक में बिठाने की इजाजत दी गई, जिन्होंने 23 मई की बैठक में विघ्न डालकर सरकारी काम में बाधा पहुंचाई थी। अरोड़ा ने कहा कि जब तक सभी कायदे कानूनों को ताक पर रखकर बाहरी लोगों को बैठक में बैठने की इजाजत देना बंद नहीं किया जाता, तब तक वह नगरपरिषद की बैठक का बहिष्कार करेंगे। अरोड़ा अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से वातालर्प कर रहे थे। इस अवसर पर नगर पार्षद मनु जैन, नरेन्द्र राजू चौहान, राजेन्द्र सैनी, परमवीर सिंह प्रिंस तथा पार्षद प्रतिनिधि शिवम गुप्ता, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा गौरी, विवेक भारद्वाज डब्बू सहित अनेक कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। अरोड़ा ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने देश को संविधान दिया और देश संविधान के अनुसार ही चलता है, परन्तु नगरपरिषद थानेसर में जिस प्रकार से संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है।


कुरुक्षेत्र। थानेसर के विधायक अशोक अरोड़ा अपने निवास स्थान पर पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए।

# आपातकालः लोकतंत्र को कुचला

## 19 महीने तक अंबाला जेल में रहे रामदत्त शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

25 जून 2025को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो गए। इस दौरान कुरुक्षेत्र लोकसभा से अध्यापक समाज के सबसे ज्यादा समय फतेहपुर गांव जिला कैथल के अध्यापक नेता रामदत्त शर्मा 19 महीने तक अम्बाला जेल में रहे । काफी लोगों को जेल में डाला गया था। इनमें कोई दो तो कोई चार माह जेल में रहा। 8 साल पहले भाजपा सरकार द्वारा मनाए गए शुभ्र ज्योतसना योजना के तहत जेल जाने वालों के परिजनों को ताम्र पत्र दिये गए व 20 हजार पेंशन भी दी जा रही है। बता दे कि देश की पहली प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 महीने की अवधि में भारत में आपातकाल घोषित था। तत्कालीन राष्ट्रपति फकरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा कर दी। आर.डी.शर्मा के नाती संदीप शर्मा ने बताया कि आपातकाल के दौरान अध्यापक समाज से 4 अध्यापक जेल में रहे। रामदत शर्मा शिक्षक के साथ साथ संघर्षशील नेता थे।


रामदत्त शर्मा।

## 21 माह तक दहशत में रहा ममगाईं परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

50 साल पूर्व तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून,1975 की रात को आपातकाल की घोषणा की थी और देश को कारागार बना दिया था। उस समय के खौफनाक मंजर को याद करते हुए पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल हृदय एवं छाती रोग विशेषज्ञ डॉ.शैलेंद्र ममगाई शैली ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय डॉ.केशवानंद ममगाईं उस समय स्थानीय श्रीमद् भगवत गीता उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिंदी एवं संस्कृत के अध्यापक थे। उस समय वे स्वयं गीता उच्च विद्यालय में छठी कक्षा, बड़े भाई सुभाष आठवीं कक्षा, छोटी बहन उमा गीता प्राथमिक विद्यालय में पांचवी एवं सबसे छोटा भाई राजेश गीता प्राथमिक विद्यालय में तीसरी कक्षा के विद्यार्थी थे। उनके पिता नई दिल्ली से प्रकाशित अंग्रेजी के प्रसिद्ध दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता थे और देश के विभिन्न समाचार पत्रों में उनके स्तंभ लेख प्रकाशित होते थे। आपातकाल लगने की घोषणा रात में होने के अगले दिन स्थानीय महादेव मोहल्ला स्थित घर में जब उनके पिता विद्यालय जाने के लिए तैयार हो रहे थे; तो पड़ोस के उनके एक विद्यार्थी सुरेंद्र शर्मा ने आकर बताया कि गीता विद्यालय के बाहर पुलिस की बस खड़ी है। यह सुनते ही उनके पिता स्कूल के लिए चल दिए। डॉ. शैली ने बताया कि उस दौरान हरियाणा सरकार तत्कालीन सरकार द्वारा कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी के परिवार नियोजन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए गीता विद्यालय के अनेक अध्यापकों को मीटिंग के बहाने से तत्कालीन रेफरल अस्पताल और आजकल लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में ले जाकर दबाव डालकर उनकी नसबंदी कर दी गई, हालांकि इसकी आवश्यकता नहीं थी। आपातकाल के दौरान उनके पिता जैसे हजारों लोगों का बलिदान और समर्पण भावना के कारण लोकतंत्र का दीपक दोबारा टिमटिमाने लगा। आज विश्व में भारत के लोकतंत्र का कोई सानी नहीं है। डॉ. शैली ने उम्मीद जताई की कि इस देश को आपातकालीन जैसे दिनों का फिर से कभी भी सामना न करना पड़े।


डॉ. केशवानंद ममगाईं।

## रक्तदान जीवन बचाने का वास्तविक माध्यम : दिव्यानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजेन्द्र नगर स्थित नंगली वाली कुटिया में सहयोग एक कोशिका संस्था द्वारा पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। संस्था के प्रधान साहिल गाबा ने बताया कि जिसका शुभारंभ आश्रम के प्रवक्ता महात्मा दिव्यानंद, संत यथार्थ पुरी, संत सिद्धार्थ पुरी ने महाआरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में 200 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मंच का संचालन राजीव चावला ने किया। पंडित अंकित शर्मा ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिसकी महत्ता तब समझ आती है जब किसी को आपात स्थिति में खून की आवश्यकता होती है। उन्होंने संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि रक्तदान के अलावा रक्त का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इसलिए जीवन में हर व्यक्ति को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए ताकि किसी जरूरतमंद के काम आ सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। इसलिए हमें एक साल में कम से कम दो-तीन बार रक्तदान जरुर करना चाहिए।



### एसडीएम काम्पलेक्स सहित 8 नए बड़े सरकारी भवनों के निर्माण पर खर्च होगा 55 करोड़ का बजट

**लाडवा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष फोकस लाडवा विधानसभा के नागरिकों को अच्छी सडकें, पीने के पानी, सीवरेज व्यवस्था और स्वास्थ्य केन्द्रों जैसे बड़े प्रोजैक्ट पर है। इस विधानसभा में जल्द ही एसडीएम कॉम्पलेक्स, रेस्ट हाउस सहित 14 नए सरकारी भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इन प्रोजैक्ट पर सरकार की तरफ से लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। अहम पहलु यह है कि लाडवा विधानसभा में जल्द ही 13.05 किलोमीटर की 8 सडकों का निर्माण कार्य भी शुरू होगा। इन सडकों के निर्माण कार्य पर 5 करोड़ 27 लाख का बजट सरकार की तरफ से लोक निर्माण विभाग को जारी किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा में पिछले दिनों आला अधिकारियों की बैठक में लम्बित पड़े प्रोजैक्ट पर तेजी से काम करने के सख्त आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद लाडवा विधानसभा में जल्द ही एसडीएम काम्पलैक्स, पीडब्लयूडी लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह, गांव डीग में पीएचसी, लाडवा में राजकीय वैटनरी अस्पताल, गांव बीड कालवा, गांव ध्यांगला और गांव मंगोली जाटान में राजकीय वैटनरी डिस्पेंसरी के भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके साथ ही गांव सोंटी, गांव खानपुर कोलिया, गांव भगवानपुर, गांव बण, गांव भैणी, गांव सुनारियां और गांव बणी में सब हैल्थ सेंटर के भवनों का निर्माण कार्य किया जाएगा। यह सभी प्रोजैक्ट पाइप लाइन में है और इन प्रोजैक्ट पर लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट खर्च होगा।

**मांग** सेमीनार करवाने की मांग को लेकर हरियाणा कमेटी ने गृहमंत्री अमित शाह को लिखा पत्र

## देश में बोली जाने वाली सभी भाषाओं पर दिल्ली में करवाया जाए सेमिनार : झींडा

प्रधान जगधीश सिंह झींगा ने पत्रकारों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

देश में बोली जाने वाली सभी भाषाओं का दिल्ली में एक सेमिनार करवाया जाना चाहिए। यह मांग हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने देश के गृहमंत्री अमित शाह से की। यह सेमिनार करवाने के लिए गृहमंत्री को हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी ने बकायदा एक पत्र भी लिखा है। डेरा कार सेवा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जत्थेदार झींडा ने कहा कि देश में प्रमुख रूप से हिंदू, मुस्लिम, सिख व इसाई धर्म हैं और इन चारों धार्मों की अपनी-अपनी भाषाएं हैं तथा 22 प्रदेश हैं हिंदुस्तान में व हर प्रदेश में अपनी-अपनी भाषा पढ़ाई जाती है। उन्होंने कहा कि इस सेमिनार को करवाने का मकसद हर भाषा के विद्वानों द्वारा अपनी-अपनी भाषाओं का विवरण दें। इसके उपरांत संसद से एक कमेटी गठित की जाए और वह कमेटी इस बारे में फैसला लें।


कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा।

### पंजाबी भाषा को मिले देश में पहला दर्जा

जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि अंग्रेजी भाषा हिंदुस्तान की भाषा न होने के बावजूद सबसे अधिक प्रचलित है। अंग्रेजी हुकूमत ने देश पर 100 साल तक शासन किया और उसके बाद उन्होंने छाप छोड़ते हुए इंगिलश भाषा को बोलने का दबाव बना दिया। उन्होंने कहा कि हम दावा करती है कि देश में पहले दर्जे पर अंग्रेजी नहीं, पंजाबी भाषा होनी चाहिए। जत्थेदार झींडा ने कहा कि धन-धन श्रीगुरु अमरदास जी के मुख से निकली गुरमुखी (पंजाबी) भाषा है। यह बहुत मीठी व सरल भाषा है, दुनिया में कोई नहीं है। इसके अलावा पंजाबी भाषा इसलिए भी जरुरी है, कयोंकि धन-धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज सबसे सर्वोच्च है और इसमें 36 बिरादरी के संत-महापुरुषों की बाणी दर्ज है। दुनिया में ऐसा कोई अन्य ग्रंथ नहीं है, जिसमें 36 बिरादरी के संत महापुरुषों की बाणी दर्ज हो। इसलिए पंजाबी भाषा को देश में पहले नंबर का दर्जा दिया जाए। हिंदुस्तान में किस भाषा को पहला दर्जा दिया जाए, इसी उद्देश्य को लेकर उपरोकत सेमिनार करवाने की मांग की गई है।

**खबर संक्षेप**

## आवंटित किए जाए शराब ठेके

**अंबाला।** गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा ने वीसी के माध्यम से उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, आबकारी एवं काराधान विभाग के डीईटीसी व अन्य के साथ बैठक लेते हुए शराब के ठेकों की एक्साइज ऑक्शन, आर्म्स लाइसेंस को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मिश्रा ने प्रदेशभर में जोन वाइज शराब के ठेकों के आबंटन के साथ-साथ आर्म्स लाइसेंस की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि जहां पर भी शराब के ठेकों के आंबटन का कार्य बचा है उसे बेहतर तरीके से किया जाए।

## गुजरात व पंजाब के उपचुनाव में पार्टी को मिली जीत

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर लाल गोयल ने गुजरात व पंजाब के उप चुनाव में पार्टी की प्रचंड जीत को ऐतिहासिक करार



दिया और कहा कि मतदाताओं ने भाजपा और दूसरी पार्टियों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि गुजरात के विसावदर और पंजाब की लुधियाना पश्चिम के मतदाताओं ने साफ संकेत दे दिया है कि अब देश की जनता झूठ और अवसरवादी राजनीति से तंग आ चुकी है और आम आदमी पार्टी में अपने हित देख रही है। उन्होंने कहा कि दोनों विधानसभा उपचुनाव सीटों पर आम आदमी पार्टी ने पिछले चुनाव के मुकाबले लगभग दोगुने अंतर से जीत दर्ज की है, जो इस बात का प्रमाण है कि आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता बढ रही है।

## पर्यावरण बचाने के लिए सभी लगाएं एक-एक पौधा

**कुरुक्षेत्र।** समाजसेवी एवं सीनियर सिटीजन फोरम ताऊ देवी लाल पार्क के सदस्य डा. डीपी बत्तरा ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इन पौधों की बकायदा देखभाल भी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस ताऊ देवीलाल पार्क में बारिश के सीजन के पहले दिन चांदनी के पौधे लगाए गए है। समाजसेवी डा. डीपी बत्तरा मंगलवार को सुबह ताऊ देवी लाल पार्क में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व सीनियर सिटीजन फोरम द्वारा आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले समाजसेवी डा. डीपी बत्तरा, मास्टर बिशन सिंह, समाजसेवी श्याम सुदंर शर्मा व समाजसेवी मेवा सिंह ने ताऊ देवी लाल पार्क में अलग-अलग जगहों पर चांदनी के पौधे लगाए।

## बिजली दरों में वृद्धि वापस लेने की मांग

**थानेसर।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने बिजली दरों में की गई भारी भरकम वृद्धि की कड़ी आलोचना की तथा इसे वापस लेने की मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा व जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने बताया कि हरियाणा सरकार ने फिक्स चार्ज लगाकर तथा रेट बढ़ाकर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। बिजली के रेट पहले ही बहुत अधिक थे,जनहित के खिलाफ हरियाणा सरकार ने एक बार फिर बिजली दरों में कटौती की बजाय वृद्धि कर दी है।

### डीसी ने रिबन काटकर प्रयोगशाला का किया शुभारंभ, नौकरी पाने में भी मिलेगी मदद

# आईटीआई में नई कौशल प्रयोगशाला स्थापित छात्रों को नई तकनीक की मिलेगी जानकारी

**जरनल मैनेजर समद खान ने तमाम उपकरणों के साथ-साथ यहां पर जो प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाएगा उसकी बारीकी से जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के राजकीय औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान में मारुति के सौजन्य से स्थापित की गई कौशल प्रयोगशाला का उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। इससे पहले यहां पहुंचने पर प्रधानाचार्य भूपिंद्र सांगवान ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उनके साथ सीनियर वाइस प्रेजिडेंट संजय नारंग, जरनल मैनेजर समद खान व अन्य उपस्थित रहे।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने प्रयोगशाला का उद्घाटन करने के दौरान यहां पर स्थापित असेंबली, पेंट, एमएसबीटी व मशीन लैब का भी अवलोकन किया। जरनल मैनेजर समद खान ने तमाम उपकरणों के साथ-साथ यहां पर जो प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया जाएगा उसकी बारीकी से जानकारी दी। उपायुक्त ने इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि लैब एक संसाधन एवं माध्यम है। विद्यार्थियों सेल्फ लर्निंग करते हुए अपने आप को इतना विकसित करना है कि जब यहां से वे उत्तीर्ण होकर जाए तो उन्हें अन्य कॉरपरेट क्षेत्र में नौकरी सुगमता से मिल सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यहां पर ट्रेनिंग के माध्यम से सम्पूर्ण जानकारी मिलेगी इसलिए वे अपने आप को पूरी तरह से प्रशिक्षित करें। इस मौके पर उन्होंने यहां पर स्थापित लैब की भी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने स्कॉलरशिप वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर उपायुक्त ने विद्यार्थी सचिन व स्वागत गीत प्रस्तुत करने वाली छात्राओं की प्रस्तुति की भी सराहना की।

सीनियर वाइस प्रेजिडेंट संजय नागर ने कहा कि उनकी कंपनी का प्रयास रहता है कि जो भी नई तकनीक आती है उस बारे विद्यार्थियों को जानकारी मिले। यहां पर जो लैब स्थापित की गई है वहां पर उनके ट्रेनर व आईटीआई के स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी ताकि वे यहां से प्रशिक्षण हासिल करके जीवन में आगे बढ सके। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य भूपिंद्र सिंह सांगवान ने कहा कि सीएसआर पहल के तहत यहां पर यह प्रयोगशाला स्थापित की गई है।



**अंबाला।** आईटीआई में नई लैब खुलने पर पौधारोपण करते उपायुक्त अजय सिंह तोमर।

### उपायुक्त ने पौधरोपण भी किया

इस प्रयोगशाला के स्थापित होने से जहां विद्यार्थियों को प्रशिक्षण मिल सकेगा वहीं संस्थान को भी नई पहचान मिलेगी। अब इस प्रयोगशाला के स्थापित होने से विद्यार्थियों को नई तकनीक की जानकारी हासिल हो सकेगी। उपायुक्त ने इस मौके पर संस्थान के परिसर में पौधरोपण भी किया। कहा कि जहां हमें पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए पौधारोपण करना है वहीं उसका संरक्षण भी करना है। उन्होंने कहा कि पेड-पौधों का जीवन में अहम महत्व होता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी धरती को हरा-भरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने हैं। मौके पर बहुतकनीकी संस्थान के प्रधानाचार्य राजीव सपरा, कल्पना चावला के प्रधानाचार्य मनीष भी मौजूद थे।

## गुरु गोबिंद सिंह के नाम पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के निर्माण की मांग

- हॉकी अंबाला की ओर से हरियाणा एसजीपीसी को भेजा गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हॉकी अंबाला की ओर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा से पंजोखरा साहिब में गुरु गोबिंद सिंह के नाम पर एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का हॉकी टर्फ एवं स्टेडियम निर्माण की मांग की गई है। हॉकी अंबाला के चेयरमैन राजिंदर विज और प्रधान केपी सिंह ने एक पत्र हरियाणा एसजीपीसी के प्रधान को लिखा है। उन्होंने कहा कि पंजोखरा साहिब में एक हॉकी का स्टेडियम का निर्माण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि यहां लखनौर साहिब गुरु गोबिंद सिंह का ननिहाल रहा है।

ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार वे यहां हॉकी खेला करते थे। इतिहास में यह भी दर्ज है कि देश में हॉकी की शुरुआत गुरु गोबिंद सिंह ने की थी। उन्होंने बताया कि पंजोखरा साहिब में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की काफी खाली पड़ी भूमि पर यदि एक हॉकी स्टेडियम स्थापित किया जाए तो इससे न केवल खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी बल्कि गुरु गोबिंद सिंह के नाम को वैश्विक खेल जगत में नई पहचान मिलेगी।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में स्विमिंग पूल, फुटबॉल ग्राउंड, जिम्नास्टिक हॉल और बैडमिंटन हॉल जैसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित की जा चुकी हैं। अभी तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हॉकी मैदान की कमी के कारण खिलाड़ियों को उचित मंच नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि खालसा कॉलेज की हॉकी टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लगातार चार वर्षों तक चैंपियनशिप अपने नाम की है। अंबाला से कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी निकल चुके हैं।

## सरकारी आईटीआई में 1184 सीटों पर 5600 से ज्यादा आवेदन, इलेक्ट्रिशयन पहली पसंद

**अंबाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अब तक 1184 सीट पर कुल 5 हजार 681 आवेदन आए हैं। प्रदेश के टॉप-10 आईटीआई में आवेदन करने में राजकीय आईटीआई अंबाला शहर छठे स्थान पर चल रही है। प्राचार्य भूपिंद्र सिंह सांगवान ने बताया कि इलेक्ट्रिशियन में 1124, फीटर में 473, कोपा में 629, एमएमवी में 269, मैकेनिक डीजल में 381, वायरमैन में 317,इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक में 258, आरवएसी में 316, वेल्डर में 146, सोलर इलेक्ट्रिशियन में 172, एचएसआई में 93, स्टेनो हिंदी में 143, स्टेनो अंग्रेजी में 124, प्लंबर में 106, मैकेनिक डीजल ड्यूल में 77, एमएमवी ड्यूल में 96, डीएमएम में 92, मशीनिष्ट में 162, वुड वर्क टेक्निशियन में 34 सीटों के लिए आवेदन आए हैं। एमसीईए में 41, सीएचएनएम में 120 आवेदन मिले। इसके अलावा एडवांस सीएनसी में 68, टर्नर ड्यूल में 64, सॉयल टेस्टिंग में 24, पेंटर जनरल में 31, मशीनिस्ट ड्यूल में 28, एलओएमएम में 25, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक ड्यूल में 43, जियो इंफोरमेटिक्स में 8, आर्किटेक्चर ड्रॉफ्समैन में 50, फाउंड्रीमैन में 13, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर में 22, वेल्डर ड्यूल में 16, आईसीटीएसएम में 57, फिल्टर ड्यूल में 39, टूल एवं डाई मेकर में 20 आवेदन प्राप्त हुए।

## रिहायशी भवन से चोरी, गहनों के साथ भारतीय व विदेशी करंसी पर भी हाथ साफ

- होटल के नौकर पर चोरी का शक, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के रेलवे रोड पर एक बंद मकान से चोरी हो गई। मकान मालिक नितिन कुमार ने अपने होटल के रिसेप्शनिस्ट पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।नितिन कुमार ने बताया कि उन्होंने अपने होटल में एक युवक को रिसेप्शनिस्ट के रूप में नियुक्त किया था।

आरोप है कि उसी युवक ने मालिक की गैरमौजूदगी का फायदा उठाते हुए उनके घर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। विनय ने दी अपनी शिकायत में जिक्र किया है



कि वह यूके में रहता है। उसने कहा कि जब वह यूके में रहता है तो कुछ चाबियां अपने रिसेप्शन वाले युवक को देकर रखता था।

विनय ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि होटल के रिसेप्शन पर बैठने वाला युवक भोलेनाथ ने ही उसके घर में चोरी की है। आरोप है कि युवक ने पहले तो घर में चोरी की। इसके बाद वह अपने मालिक से अपने गांव जाने की कहकर निकल गया। विनय ने बताया कि आरोपी घर से सोने की चेन जिसका वजन 17 ग्राम, 2 पेंडेंट व 2 टोप्स सोने के जिनका वजन 5 ग्राम था।

गले की चेन सोने की वजन 6 ग्राम, करीब 2.5 लाख रुपए नकद और यूके की करंसी पर भी आरोपी ने हाथ साफ किया है। उसने बताया कि जब वह घर आया तो उसे अलमारी का लॉक टूटा हुआ मिला। पुलिस ने इस मामले में शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी का फोटो भी ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी यूपी के बहराईच का रहने वाला है। इसके लिए यूपी पुलिस से भी संपर्क साधा जाएगा। जल्द ही उसे काबू किया जाएगा।

## नई मानक प्रचालन प्रक्रिया शुरू

**अंबाला।** निर्वाचकों को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (एपिक) का तेजी से वितरण सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने एक नई मानक प्रचालन प्रक्रिया प्रारम्भ की है। इससे निर्वाचक नामावली में किए गए किसी भी अपडेट के 15 दिनों के भीतर एपिक का वितरण संभव हो सकेगा। इसमें किसी निर्वाचक के विवरण में किया गया कोई भी बदलाव शामिल होगा। आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह पहल निर्वाचकों की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है।

- निर्वाचक नामावली में किए गए किसी भी अपडेट के 15 दिनों के भीतर एपिक का वितरण संभव हो सकेगा

## डॉ. मुखर्जी के विचार हमारे प्रेरणा का स्रोत

- भाजपा ने जिला में मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मनदीप राणा ने विभिन्न बूथों पर पहुंचकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और इस दौरान कई जगह एक पेड़ मां के नाम मुहिम के तहत पौधरोपण भी किया। राणा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार, बलिदान और राष्ट्रभक्ति हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने 'एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो संविधान नहीं चलेंगे' का संकल्प लेकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया।



**अंबाला।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते भाजपा पदाधिकारी।

उनके अथक प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लागू 'परमिट प्रथा' समाप्त हुई और देश की एकता को मजबूती मिली। मनदीप राणा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए ही जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर अखंड भारत के संकल्प को साकार किया है। मुखर्जी को जिला के सभी बूथों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

### ये रहे मौजूद

*इस दौरान भाजपा की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बीनू गर्ग, दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह,मंडल अध्यक्ष अमन सूद,मंडल अध्यक्ष मनीष आंनद, मंडल महामंत्री गुरप्रीत सिंह शाना,बलाना मंडल महामंत्री अमरजीत सारंगपुर,कपिश गर्ग,आशीष टक्कर,जगतार सिंह,बृज मोहन धीमान भी मौजूद रहे।*

## बरसाती सीजन में जलभराव से निपटने के लिए दुरुस्त किया जा रहा है ड्रेनेज सिस्टम

- नगरपालिका की ओर से नालों की युद्ध स्तर पर करवाई जा रही है सफाई, अध्यक्ष बोले जनता व कर्मियों का नहीं मिल रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

नगरपालिका ने मानसून से पहले शहर को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। फिलहाल प्राथमिकता के आधार पर मुख्य गंदे नालों से अवरोधकों को हटाया जा रहा है। आसपास की सफाई कर व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। पिछले सप्ताह केवल एक घंटे की बारिश ने ही शहर की पोल खोल दी थी। गलियों में पानी जमा हो गया था और कई घरों व दुकानों में पानी घुस गया। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगरपालिका की जांच में सामने आया कि कुछ लोगों ने नालों में नाके लगाए हुए थे, जिससे जल निकासी बाधित हो रही थी। सब्जी मंडी की गंदगी और पॉलिथीन में बांधकर फेंका गया कचरा भी नालों को जाम कर रहा है। हालांकि नपा प्रशासन पिछले 15 दिनों से नालों की सफाई का अभियान चला रहा है लेकिन बारिश की पहली बौछार ने तैयारियों की पोल खोल दी। लोगों ने इसे नाकाफी बताते हुए स्थायी समाधान की मांग की है। नपा अध्यक्ष रजत मलिक ने कहा कि पानी निकासी की समस्या वर्षों पुरानी है।

## मिड डे मील वर्कर्स को नहीं मिला दो महीने से वेतन, राशन खरीदने के भी पड़े लाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

मिड-डे-मील वर्कर्स ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विधायक पूजा से मुलाकात की। इस दौरान एक ज्ञापन भी सौंपा गया। मिड डे मील वर्कर यूनियन की प्रधान ममतेश चौहान ने बताया कि खंड के सभी मिड-डे-मील वर्करों का पिछले दो महीने से वेतन रुका हुआ है।

इससे उन्हें भारी आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्कर्स ने नियमित वेतन, वर्दी भत्ता 600 से बढ़ाकर 1200 करने, वर्ष के सभी 12 महीनों में वेतन दिए जाने और वेतन का मासिक भुगतान सुनिश्चित किए जाने की मांग की।



विधायक पूजा ने वर्कर्स को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मिड-डे-मील वर्करों का बकाया मानदेय तुरंत जारी किया जाए। अन्य विभागों की तर्ज पर इन्हें भी पूरे 12 महीने का वेतन दिया जाए।

वर्तमान में इन कुक्स को केवल 10 महीने का मानदेय मिलता है जो कि अनुचित है। विधायक ने यह भी कहा कि वर्ष में दो वर्दियों के लिए 600 की राशि अपर्याप्त है।



**बराड़ा।** नशे के खिलाफ शपथ लेते हुए स्टूडेंट्स।

## नशे के खिलाफ छात्राओं ने ली शपथ

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में नशा मुक्ति पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत एंटी ड्रग अवेयरनेस सेल द्वारा नशा मुक्ति प्रतिज्ञा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत के निर्माण हेतु प्रतिज्ञा दिलाई गई। उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे और अपने परिवार, मित्रों, समुदाय और जिले को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. दलजीत कौर विर्क ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होकर अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संचालन में लाइब्रेरियन सीमा सैनी ने भी अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर डिप्टी सुपरिंटेंडेंट करनजीत कौर, अमनदीप कौर, अनीता, अंकिता और मनप्रीत कौर सहित कॉलेज के अनेक विद्यार्थी मौजूद रहे और बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## बराड़ा में स्किल सेंटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कदम उठाते हुए अपना नवीनतम एडवांस स्किल सेंटर शुरू किया है।

यह केंद्र न केवल युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि उन्हें सरकारी विभागों और स्टार्टअप्स में नौकरी के अवसर भी उपलब्ध कराएगा।

सेंटर के संचालक संदीप गोयल ने बताया कि यह केंद्र की राज्यस्तरीय तकनीकी शिक्षा पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### पूर्व विधायक सैनी बोले, मोदी सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों से देश की दशा व दिशा बदली

# केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर आधा दर्जन गांवों में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम गांव हुसैनी, नंगोली, फतेहपुर, संभालवा, मियांपुर, झिड़ी वाला, बड़ी रसोर सहित कई गांवों में आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उन्होंने ग्रामीण जनता को केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार की नीतियों, योजनाओं तथा जनकल्याण के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों की जानकारी दी। सैनी ने अपने संबोधन में बताया कि 2014 से लेकर अब तक पीएम नरेंद्र मोदी सरकार ने देश की राजनीति, प्रशासन, अर्थव्यवस्था, तकनीक, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। गरीब कल्याण, पारदर्शिता, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और आत्मनिर्भर भारत जैसे बड़े संकल्पों को जमीन पर उतारकर देश को एक नए युग में प्रवेश दिलाया है। उन्होंने यह भी बताया कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, हर घर जल योजना, जनधन योजना, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं से देश की दशा व दिशा बदली है। उन्होंने ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और पार्टी संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को केवल एक विकसित देश की ओर अग्रसर ही नहीं किया बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता और राष्ट्र की अस्मिता को वैश्विक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है। मोदी सरकार की नीतियों ने ग्रामीण भारत को भी मुख्यधारा से जोड़ा है। गांवों में सडक़ें, बिजली, पानी, इंटरनेट, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं।



**नारायणगढ़।** कार्यक्रम के दौरान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते पूर्व विधयक व ग्रामीण।

### राज्य को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाने का उद्देश्य

सरकार का उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और राज्य को समृद्ध एवं आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इस दौरान डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए सैनी ने कहा कि मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना बलिदान दिया। उनके विचार भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति डॉ. मुखर्जी के सपनों की पूर्ति है। आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, बूथ प्रमुख, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा सहित पार्टी के सभी सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही।